सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जिला समन्वयक, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, वरिष्ठ लेखाकार, वरिष्ठ सम्प्रेक्षक, लेखाकार तथा सम्प्रेक्षक के पदों हेतु विज्ञप्ति

10" x 5" column

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

विज्ञप्ति 2012–13

उ0प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद के अन्तर्गत जनपदीय कार्यालयों एवं राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ में अस्थायी रूप से सृजित निम्नलिखित रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर योग्य, इच्छुक एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पदों का विवरण :

क0सं0	पदनाम	वेतनमान	ग्रेड पे	पदों की संख्या
1.	वरिष्ठ विशेषज्ञ	₹15600–39100	7600	04
2.	विशेषज्ञ	₹15600–39100	5400	04
3.	जिला समन्वयक	₹9300–34800	4600	60
4.	सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी	₹9300–34800	4800	10
5.	वरिष्ठ लेखाकार	₹9300–34800	4200	01
6.	वरिष्ठ सम्प्रेक्षक	₹9300–34800	4200	01
7.	लेखाकार	₹9300–34800	4200	02
8.	सम्प्रेक्षक	₹9300–34800	4200	03

(क्रम 1,2 तथा 5 से 8 तक के पद राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ में।)
(क्रम 3 एवं 4 के पदों की तैनाती जिला परियोजना कार्यालय/समस्त जनपदों में रिक्त पद के सापेक्ष।)
पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
अपने मूल विभाग में छठा वेतन प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। वे अभ्यर्थी जो पूर्व में आवेदन कर चुके है, उन्हे आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
चयनित अभियर्थियों को राज्य परियोजना, सर्व शिक्षा अभियान द्वारा अनुमन्य सभी भत्ते देय होंगे।

अर्हताएं– आवेदको को अपने मूल विभाग एवं वांछित वेतनमान में कम से कम 05 वर्ष कार्य करने का अनुभव हो तथा उनकी सेवानिवृत्ति में कम से कम 05 वर्ष शेष हो।

वरिष्ठ विशेषज्ञ– राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के अधीन वेतनमान ₹15600–39100+ग्रेड पे 7600 अथवा इससे ठीक एक पे ग्रेड नीचे के वेतनमान में कार्यरत् अधिकारी आवेदन करने हेतु अर्ह है।

विशेषज्ञ– राज्य सरकार/भारत सरकार के अधीन वेतनमान ₹15600–39100+ग्रेड पे 5400 अथवा इससे ठीक एक पे ग्रेड नीचे के वेतनमान में कार्यरत् अधिकारी आवेदन करने हेतु अर्ह है।

जिला समन्वयक– इन पदों हेतु उ0प्र0 एवं अन्य राज्य सरकार के अधीन कार्यरत ऐसे अभिकर्मी आवेदन कर सकते हैं, जिनका वेतनमान ₹ 9300–34800 ग्रेड पे ₹4600 हो अथवा इसके ठीक नीचे के ग्रेड पे में कार्यरत हों।

जिला समन्वयकों को बालिका शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता, प्रशिक्षण तथा वैकल्पिक शिक्षा के क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करना होगा तथा इन कार्यक्रमों को नेतृत्व प्रदान करना होगा। परियोजना के कार्यो की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि इच्छुक अभ्यर्थी अंग्रेजी एवं हिन्दी बोलने एवं लिखने की उत्कृष्ट दक्षता रखते हों एवं शैक्षिक रूचिक्षेत्र की सम्यक जानकारी हों। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालो को वरीयता दी जायेगी।

सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी–इन पदों हेतु केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के अधीन कार्यरत् ऐसे लेखा अभिकर्मी आवेदन कर सकते हैं, जिनका वेतनमान ₹9300–34800+ग्रेड पे ₹4800 हो अथवा इसके ठीक नीचे के ग्रेड पे में कार्यरत हो। अभ्यर्थियों को लेखाकार एवं लेखा/सम्प्रेक्षा के समकक्ष पदों पर कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है। टैली पैकेज की जानकारी रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।

वरिष्ठ लेखाकार, वरिष्ठ सम्प्रेक्षक, लेखाकार, सम्प्रेक्षक–इन पदों हेतु केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के अधीन कार्यरत् ऐसे लेखा अभिकर्मी आवेदन कर सकते हैं, जिनका वेतनमान ₹9300–34800+ग्रेड पे ₹4200 हो अथवा इसके ठीक नीचे के ग्रेड पे में कार्यरत हो। टैली पैकेज की जानकारी रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।

आवेदनपत्र **राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, राज्य परियोजना कार्यालय, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ** के नाम से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से निम्नांकित प्रारूप पर प्रेषित किये जाएं। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि **10.10.2012** है। **लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से पद का नाम अवश्य लिखा जाये।**

फोटो की सत्यापि प्रति

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम............. **2.** आवेदक का नाम................ **3.** पिता/पति का नाम......................**4.** जन्मतिथि... **5.** आयु (31.10. 2012 को)...........वर्ष...........माह..........दिन **6.** श्रेणी (अनु0जाति/अनु0जनजाति/अ0पि0वर्ग/ सामान्य)..
7. पत्र व्यवहार का पता... **8.** गृह जनपद...................................**9.** शैक्षिक योग्यता...
10. अन्य प्रोफेशनल योग्यता/विशेषता आदि (यदि कोई हो तो)...**11.** अनुभव–
क0सं0 अवधि (कब से कब तक) संस्था का नाम (जहां कार्यरत है) वेतनमान अन्य

संलग्नकों की संख्या (आवेदक के हस्ताक्षर, पता, पिनकोड एवं मो0नम्बर सहित)
स्थान/दिनांक :

(अग्रसारण अधिकारी के हस्ताक्षर)
(मुहर सहित)

राज्य परियोजना निदेशक
उ0प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद्
विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ।